दैनिक भास्कर

रायपुर 10-07-2025

# 6.54 करोड़ के तेंदूपत्ता बोनस घोटाले में सुकमा से एक आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़| रायपुर

सुकमा में 6.54 करोड़ के तेंदूपत्ता बोनस घोटाला में ईओडब्ल्यू ने वन अधिकारी राजशेखर पुराणिक को गिरफ्तार किया है। उन्हें गुरुवार को दंतेवाड़ा कोर्ट में पेश किया है। वहां पूछताछ के लिए आरोपी को रिमांड पर लिया जाएगा। इस मामले में अब तक 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सभी जेल में बंद है।

ईओडब्ल्यू के अनुसार 2021 और 2022 के तेंदूपत्ता सीजन में करीब 7 करोड़ रुपए की राशि संग्राहकों को दी जानी थी। इसमें 6.54 करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया गया। इस मामले में शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने छापेमारी की। डीएफओ कार्यालय के कर्मचारी राजशेखर पुराणिक के घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान राजशेखर के घर से 26 लाख 63 हजार 700 रुपए नकद जब्त किया गया था। राजशेखर ने दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा किया है। इस मामले में अशोक पटेल समेत 11 लोग जेल में है। इसमें चार वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी है।